श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY
(केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016)

एफ.1(06)/ल.ब.स.रा.सं.वि./सा.प्र. /2023-24/1515 दिनांक: 05.03.2024

## कार्यालय आदेश

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारत निर्वाचन आयोग सचिवालय, दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार "मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान का आयोजन दिनांक 06.03.2024 को मध्याहन 12:00 बजे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सदन के बेसमेंट हॉल में किया जायेगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन छात्र-कल्याण संकाय प्रमुख एवं NSS Coordinator के द्वारा किया जायेगा।

छात्र-कल्याण संकाय प्रमुख एवं NSS Coordinator से यह अनुरोध है कि वे उक्त कार्यक्रम के माध्यम से नव-मतदाताओं को मतदान में भाग लेने के लिए उत्साहित करें एवं छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में आयोजित होने वाली गतिविधियों का विवरण कार्यालय आदेश के साथ संलग्न है।

यह आदेश सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है।

(मनजीत सिंह)
सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)

संलग्न: उपरोक्त
**प्रतिलिपि: सूचनार्थ प्रस्तुत:-**

(1) समस्त पीठाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ।
(2) उपकुलसचिव (लेखा/ परीक्षा)।
(3) कुलानुशासक/ मुख्य सतर्कता अधिकारी/ जन संपर्क अधिकारी।
(4) अभियांत्रिकी विभाग को इस आशय से प्रेषित कि कार्यक्रम स्थल पर विद्युत् उपकरण एवं माइक आदि की उचित व्यवस्था करें।
(5) संगणक केंद्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित करें एवं उपरोक्त कार्यक्रम में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की सुविधा प्रदान करें| इसके अतिरिक्त उक्त कार्यक्रम के बारे में समस्त अध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्हाट्सएप के माध्यम से सूचित करें।
(6) विशेषकार्याधिकारी (कुलपति)।
(7) निजी सचिव - कुलपति/ कुलसचिव/ वित्ताधिकारी/ परीक्षा नियंत्रक/ पुस्तकालय अध्यक्ष।
(8) विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को सूचनार्थ।
(9) समस्त सूचना पट्ट छात्र-छात्राओं के सूचनार्थ।
(10) संबंधित पत्रावली।
(11) कार्यालय आदेश पत्रावली।

मनजीत सिंह

(मनजीत सिंह)
सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)

# कार्यक्रम का विवरण

1. युवा, विशेषकर पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना और राष्ट्र की व्यापक भलाई के लिए मतदान के महत्व को बताना।

2. कार्यक्रम के सर्वोत्तम प्रचार हेतु सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेना एवं सोशल मीडिया पर अपलोड करना।

3. गैर-राजनैतिक भावना से http://ecisveep.nic.in/pledge/ के माध्यम से युवाओं को मतदाता शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित तथा कार्यक्रम का प्रचार सोशल मीडिया एवं MyGov portal के द्वारा करें।

4. भारत निर्वाचन आयोग ने #ChunavKaParv, #DeshKaGarv, #IVoteForSure अभियान शुरू किया है यह अभियान दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावों के उत्सवपूर्ण महत्व और मतदान के गौरव का प्रतीक है। छात्रों को उपर्युक्त विषय पर वर्कशॉप/ सेमिनार/ कन्टेन्ट/ रील/ शॉर्ट्स वीडियो/ कविताएं आदि बनाने और #ChunavKaParv, #DeshKaGarv, #IVoteForSure, #MeraPellaVoteDeshKeLiye का उपयोग करके अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना है।

5. मतदान के उचित मूल्य को समझाने के लिए छात्रों के साथ संवाद हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी (District Electoral Officers), AEROs या अन्य चुनाव अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।